FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी

संकल्प हमारा

<u>प्रेसनोट दिनांक 14-11-2026 थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।</u>

थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा थाना रसूलपुर व थाना बसई मोहम्मदपुर पर पंजीकृत लूट के अभियोग से सम्बन्धित माल व अवैध तमन्चा व जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार----

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन मे जनपद मे चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद में लूट की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कडी विधिक कार्यवाही.....

<u>दिनांक 07-11-26</u> को आवेदिका शीबा खाँन (एडवोकेट) का मा0 न्यायालय डबरई ऑटो में अपने साथी अधिवक्ताओं के साथ जाते समय पीछे से आ रही पल्सर ब्लैक बाइक जिस पर दो लड़के सवार थे, के द्वारा आवेदिका का हेन्ड बैग खींच कर भाग जाना तथा उक्त लडकों का पीछा करते समय पीछे बैठे लड़के के द्वारा तमन्चा दिखाकर धमकी देते हुये चले जाने के सम्बन्ध में **मु0अ0सं0 552/26 धारा 309(4)317(2) बीएनएस थाना रसूलपुर** जनपद फिरोजाबाद पर पंजीकृत कराया गया था ।

दिनांक 08.11.2026 को थाना बसई मुहम्मदपुर पर आवेदक संजय कुमार द्वारा अपनी पत्नी व बच्चों के साथ टूण्डला से ऑटो में बैठकर अपने घर बिलहना आते समय गाजीपुर रोड पर पीछे से मोटर साइकिल सवार दो लडकों के द्वारा वादी की पत्नी का पर्स झपट्टा मारकर छीनकर भाग ले जाने के सम्बन्ध में **मु0अ0स0 177/26 धारा 304(2) बीएनएस थाना बसई मौहम्मदपुर** फिरोजाबाद पर पंजीकृत कराया गया था। उपरोक्त घटनाओं में प्रकाश मे आये अभियुक्त **विकाश वर्मा पुत्र लालता प्रसाद उर्फ पिण्टू नि0 गली न0-03 ए0जे0 पब्लिक स्कूल के पास सेक्टर नम्बर 03 सुहागनगर थाना दक्षिण** को बरकतपुर रेलवे पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है।

<u>बरामदगी--</u>

<u>थाना रसूलपुर से सम्बंधित--</u>

01-1500 रुपये नगद

02-एक आयुष्मान कार्ड, वादीया का आधार कार्ड,

03-एक मा0न्यायालय में वाद नोटिस की छायाप्रति,

04-वोट मांगने वाला विजिटिंग कार्ड,

05-एक आयुष्मान कार्ड कालीमा बेगम,

06-एक आधार कार्ड कालीमा बेगम,

07-एसबीआई बैक के ए.टी.एम कार्ड का रैफर,

08-दो छोटे हैण्ड पर्स,

09-बार काउन्सलिग की 03 स्लिप,

10-वादीया के तीन पासपोर्ट साइज फोटो बरामद हुये है।

थाना बसईमो0पुर के अभियोग से सम्बंधित बरामदगी----------

01- 5000/- रुपये बरामद किये गये।

पूछताछ से अभियुक्त उपरोक्त के द्वारा अपने साथी मोहित पुत्र सूरज यादव नि0 नगला पचिया हिमायूपुर थाना दक्षिण के साथ उक्त दोनों घटना कारित किये जाने का इकबाल किया गया। अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1- विकाश वर्मा पुत्र लालता प्रसाद उर्फ पिण्टू नि0 गली न0-03 ए0जे0 पब्लिक स्कूल के पास सेक्टर नम्बर 03 सुहागनगर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

प्रकाश में आया अन्य अभियुक्त—

2- मोहित पुत्र सूरज यादव नि0 नगला पचिया हिमायूपुर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त विकाश वर्माः-

1- मु0अ0सं0 552/26 धारा 309(4)317(2) बीएनएस थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

2- मु0अ0स0 177/26 धारा 304(2) बीएनएस थाना बसई मौहम्मदपुर फिरोजाबाद।

3- मु0अ0स0 360/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री प्रदीप कुमार थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 निशान्त कुमार थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
3. है0का0 427 प्रणवीर सिह थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
4. का0 610 विवेक यादव थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
5. का0 690 प्रिंसराज कम्बोज थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।